वर्ष : 1, अंक: 91 इंदौर, सोमवार 31 मार्च 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

DIGITAL EDITION

# संघ अमर संस्कृति का वट वृक्ष स्वयंसेवक का जीवन निस्वार्थ

## मोदी बोले-हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे

**नागपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बतौर प्रधानमंत्री मोदी की यह संघ मुख्यालय का पहला दौरा था। इससे पहले जुलाई 2013 में वह लोकसभा चुनाव के सिलसिले में हुई बैठक में शामिल होने नागपुर आए थे। प्रधानमंत्री ने संघ के माधव नेत्रालय के एक्सटेंशन बिल्डिंग की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की स्पीच में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा की। उन्होंने संघ की तारीफ करते हुए कहा- राष्ट्रीय चेतना के लिए जो विचार 100 साल पहले संघ के रूप में बोया गया, वो आज महान वट वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने हैं। ये आज भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को लागतार ऊर्जावान बना रहा है। स्वयंसेवक के लिए सेवा ही जीवन है। हम देव से देश, राम से राष्ट्र का मंत्र लेकर चल रहे हैं।



### संघ की तारीफ, कहा-राष्ट्रीय चेतना को बुझने नहीं दिया

स्वामी विवेकानंद से लेकर डॉक्टर साहब तक, किसी ने भी राष्ट्रीय चेतना को बुझने नहीं दिया। राष्ट्रीय चेतना के जिस विचार का बीज 100 वर्ष पहले बोया गया था, वह आज एक महान वटवृक्ष के रूप में खड़ा है। सिद्धांत और आदर्श इस वटवृक्ष को ऊंचाई देते हैं, जबकि लाखों-करोड़ों स्वयंसेवक इसकी टहनियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

### भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही

मोदी ने कहा कि भारत के इतिहास में नजर डालें तो इसमें कई आक्रमण हुए। इतने आक्रमणों के बावजूद भी भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। कठिन से कठिन दौर में भी इस चेतना को जाग्रत रखने के लिए नए सामाजिक आंदोलन होते रहे। भक्ति आंदोलन इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी। गुरु नानक देव, कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, संत तुकाराम, संत रामदेव, संत ज्ञानेश्वर जैसे महान संतों ने अपने मौलिक विचारों से समाज में प्राण फूंके। उन्होंने भेदभाव के बंधनों को तोड़कर समाज को एकता के सूत्र में बांधा।

## मन की बात में एमपी के महुआ कुकीज का जिक्र

- पीएम मोदी बोले-महुआ से बनी चीजों की मांग तेजी से बढ़ रही

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आज प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्र में महुआ के फूल से बनने वाले कुकीज का जिक्र किया। इसके साथ उन्होंने देशवासियों को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इधर, भोपाल में राज्य संग्रहालय परिसर में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को फ्यूचर फोर्स के सदस्यों के साथ सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल संरक्षण के लिए अलग-अलग प्रयोग कर रहे हैं।

# सीएम ने नए साल के आरंभ पर सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन-अर्चन किया

## भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर के आरंभ पर प्रदेशवासियों को दी मंगलकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में प्रातः भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर उदीयमान सूर्य देव को अर्ध्य दिया और हिंदू नव वर्ष पर विक्रम ध्वज, गुड़ी का दत्त अखाड़ा घाट प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है। इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि



पर पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को भारतीय नववर्ष की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया की यह और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजन-अर्चन उपरांत माँ क्षिप्रा की गोद में नौका विहार कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके बाद देव दर्शन कर साधु-संतों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने दत्त अखाड़ा के पीठाधीश्वर संत सुंदरपुरी महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सत्संग किया। दत्त अखाड़ा के पीठाधीश संत सुंदरपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री का शॉल पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद दिया।

# ईद से पहले बीड की मस्जिद में हुआ जबरदस्त ब्लास्ट

## मचा हड़कंप, इलाके में तनाव के बाद फोर्स तैनात

**बीड (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बीड जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां ईद से एक दिन पहले एक मस्जिद में धमाका हुआ है। धमाका मस्जिद में रखी गई जेलेटिन की छड़ों से हुआ है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस



ने बताया कि मस्जिद गेवराई तहसील के अर्ध मसला गांव में है। इस घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। इसने कहा कि इस विस्फोट से इमारत का अंदरूनी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस सिलसिले में दो लोगों को पकड़ा गया है। घटना के कारण गांव में तनाव की स्थिति है। अधिकारियों ने कहा कि गांव में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

# लालू ने परिवार को सेट किया, युवाओं को नहीं

- शाह बोले-बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे
- एनडीए की फिर सरकार बनी तो बिहार बाढ़ मुक्त होगा

**गोपालगंज (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिनों के बिहार दौरे पर हैं। गोपालगंज में सभा को संबोधित करते उन्होंने हुए कहा, बिहार को तय करना है कि लालू-राबड़ी के जंगलराज की ओर जाना है या मोदी-नीतिश के विकास की राह पर जाना है। जो काम कांग्रेस पार्टी 65 साल में नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने 10 साल में किया है। एनडीए की पांच साल और सरकार बनाइए। शाह ने कहा कि अगर हमारी फिर से सरकार बनती है तो हम बिहार को बाढ़ से मुक्त करा देंगे। बंद चीनी मिलों को फिर से शुरू करेंगे। लालू एंड कंपनी ने बहुत अड़ंगे लगाए, लेकिन मोदी ने 500 साल बाद राम मंदिर



बनवाया। अब बिहार में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा। शाह ने छठ पूजा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में हमारी सरकार है। वहां छठ पूजा धूम-धाम से मनाई गई। मोदी सरकार ने शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण से नवाजा। वैशाली महोत्सव की शुरुआत हमने की। मोदी जी ने मधुबनी पेंटिंग को जीआई टैग दिलवाया। हमने मखाना बोर्ड बनाकर किसानों की मदद की। शाह ने कहा- हमने 1 करोड़ 60 लाख घरों में जल पहुंचाया। डेढ़ करोड़ टॉयलेट बनाए। 9 करोड़ लोगों को हर महीने 5 किलो राशन दिया। 40 लाख घर बनाएं। लालू राज ने क्या दिया- अपहरण, फिरौती, हत्या। इतने घोटाले किए, इन्हें शर्म नहीं आती। अलकतरा घोटाला, मिट्टी घोटाला। गो माता का चारा भी लालू जी ने खाया। लालू जी ने बस एक ही काम किया, अपने परिवार को सेट करने का। उनके दोनों बेटे सीएम बनना चाहते हैं।

## इंदौर में 18वीं ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता का समापन, राज्यपाल ने खिलाड़ियों की सराहना की

इंदौर। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल अपने एक दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 18वीं ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। रेवती रेंज में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन 24 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था। समापन समारोह में बीएसएफ के आईजी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में आगामी ओलंपिक खेलों के लिए तैयारियों को और मजबूत करना है। समारोह में बीएसएफ के आईजी आलोक कुमार सिंह ने कहा, “यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन प्लेटफार्म है, बल्कि पुलिस बलों के बीच सहयोग और एकता को भी प्रोत्साहित करती है।” उन्होंने जोर देते हुए कहा कि “शूटिंग स्पर्धा में इस बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसे वर्षों तक भारतीय हॉकी टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन खेल दिखाया है।” राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सुरक्षा बलों के मनोबल को ऊंचा करने में सहायक होते हैं।

# नवरात्रि पर मंदिरों के पास

## मांस-अंडे की दुकानें बंद : विश्व हिंदू बजरंग दल ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती एवं हनुमान जयंती जैसे पावन पर्वों के मद्देनजर जिला प्रशासन से मंदिरों के आसपास मांस एवं अंडे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

इसको लेकर आज कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के नाम एसडीएम उमेश कौरव को एक ज्ञापन सौंपा हैं। विश्व हिंदू बजरंग दल के पदाधिकारियों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर आग्रह किया कि 30 मार्च से 12 अप्रैल तक धार्मिक पर्वों के दौरान मंदिरों के मार्गों पर स्थित मांस एवं अंडा विक्रय केंद्रों को बंद कराया जाए। संगठन का कहना है कि प्रशासन के आदेशों के बावजूद कई स्थानों पर खुलेआम मांस एवं अंडा विक्रय किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं, बजरंग दल ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है, तो हिंदू समाज स्वयं आगे आकर अपनी आस्था की रक्षा के लिए कदम उठाएगा। संगठन ने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# खनियाधाना पीएम श्री क्रमांक 1 में एफ एल एन मेले का भव्य आयोजन

## बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**जगदीश पाल**

शिवपुरी- खनियाधाना : पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक खनियाधाना में एफ एल एन मेले में जिला फ्लैन प्रभारी रितिका प्रजापति,एफएलएन कार्यक्रम समन्वयक प्रथम भोपाल से महेंद्र यादव एवं



बीआरसी संजय भदोरिया ने मेले में बच्चों के बीच सहभागिता की पीएम श्री क्रमांक एक खनियाधाना के मेले का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश सूर्यवंशी, पीएम श्री प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश देव पांडे एवं स्टाफ की उपस्थिति मैं फीता काटकर किया गया, विद्यालय को बच्चों के आकर्षण अनुसार गुब्बारों से सजाया गया, शिक्षकों द्वारा मेले में विभिन्न स्टाल लगाई गई जिसमें बौद्धिक विकास शारीरिक विकास गणितीय मापन और भाषाई मापन हेतु विभिन्न रक्रियाकलापों के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया गया,साथ ही प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षको तरुणा पात्रिक,जयप्रकाश गुप्ता, विनोद सेन,मनोज कुमार साहू आदि शिक्षकों द्वार विभिन्न खेल गतिविधियां कराई गई! मेले के द्वितीय चरण में साल भर बच्चों द्वारा जो सीख गया उसका मूल्यांकन रिपोर्ट बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बताए गये, इस कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता,अभिभावकएवं अच्छी संख्या में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया,उपस्थित सभी को विशेष भोज करवाया गया जिला प्रभारी रितिका प्रजापति द्वारा मेले के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

# सगुणी भजनों की रस वर्षा से भक्तगण हुए भक्ति के रस से भाव विभोर

## सब तेरो सांवरिया सेठ, मेरो तो कुछ भी नहीं- गोकुल शर्मा

### महाआरती, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, प्रेम मंदिर, पुष्प से सजा दरबार।

### श्री श्याम परिवार की एक शाम श्याम संग सांवरिया के नाम भजन संध्या में भक्तों का हूजूम उमडा।

### श्री श्याम परिवार श्री सांवरिया मित्र मंडल और भारतीय पत्रकार संघ ने भजन गायक गोकुल शर्मा का सम्मान किया



**झाबुआ : उत्सव सोनी**

''सांवरियों है सेठ मारो और सेठानी राधा रानी'' के भजनों के माध्यम से श्री श्याम सांवरिया भजन संध्या में भक्ति की ऐसी रसधारा बहीं की जिसमें डूबे श्रोताओं की कब आधी रात बित गई पता ही नहीं चला। नगर में आयोजित एक शाम श्री श्याम सांवरिया भजन संध्या में चित्तोडगढ के प्रसिद्व भजन गायक व गौ भक्त गोकुल शर्मा और वर्षा गर्ग ने भजनों की ऐसी समा बांधी की पांडाल में उपस्थित एक एक श्रोता भाव विभोर हो कर नाचने गाने के लिए उत्साहीत हो गया। भजनों की प्रस्तुति की माध्यम से भगवान सांवरिया सेठ की भक्ति करते हुए सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया और देर रात तक चली भजन संध्या में पेटलावद नगर ही नहीं दूर दूर से श्याम प्रेमी और सांवरिया सेठ के भक्तगण पधारे।नगर के स्कूल ग्राउंड में श्याम सरकार और सांवरिया सेठ के दरबार में भक्तों का हुजूम उमडा। नगर के हर रास्ते पेटलावद स्कूल ग्राउंड की ओर ही जा रहे हो ऐसा माहौल शुक्रवार रात्रि में बन गया था। भजन संध्या में सांवरिया जी के गुणगान करते और उनके चमत्कारों और उनके स्थान की महत्ता और उत्पत्ती को लेकर भजन प्रस्तुत कर गोकुल शर्मा ने भाव विभोर कर दिया।कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति भजन गायक वर्षा गर्ग दिल्ली ने दी। ''भक्ति करले मुसीबत में सांवरा काम आयेगा'' जैसे भजनों से प्रारंभ कर उन्होंने अपने भजनों के माध्यम से भक्तों को बाबा श्याम के खाटू दरबार की यात्रा करवाई। भगवान की भक्ति से जोडते हुए सभी को भक्ति रस का अमृत पान करवाया। लगभग 9 बजे से प्रारंभ हुई भजन संध्या में ''लीले घोड चढ आयो सांवरियों।'' जैसे भजनों के साथ राधा कृष्ण के भजनों से बाबा की भक्ति की। जयपुर से मंदिर तो कलकत्ता से हवाई जहाज से फूल आये।

श्री श्याम परिवार के द्वारा विशेष रूप से भगवान का प्रेम मंदिर बनाने के लिए जयपुर से कलाकारों को बुलाया गया।वृदांवन में बने प्रेम मंदिर की तर्ज पर। जिसमें भगवान श्याम और सांवरिया जी की प्रतिमा विराजीत की गई। और भगवान के श्रृंगार के लिए कलकत्ता से हवाई जहाज से फूल मंगवाये गये। वहीं साउंड व्यवस्था श्री राम डीजे ने भी एतिहासिक की गई। जिससे सभी भक्त भाव विभोर हुए।

### निशान यात्रा, ज्योत दर्शन व महाआरती का आयोजन

भजन संध्या के पूर्व श्याम परिवार भक्तों के द्वारा दोपहर में निशान यात्रा निकाली गई। जो की स्थानीय महाकाल पथ से प्रारंभ हुई। जिसमें भक्तगण नाचते गाते बाबा श्याम को लेकर भजन संध्या स्थल पहुंचे। जहां पर आयोजक मंडल के द्वारा भगवान की विशेष झांकी सजाई गई, छप्पन भोग का नैवेद्य लगाया गया, पूरे पांडाल में इत्र वर्षा की गई।ज्योत प्रज्वलीत कर सभी ने ज्योत के दर्शन किये और आहूती दी। वहीं रात्रि 3 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों को चुरमा की प्रसादी की वितरण किया गया।

### भजन गायक का किया सम्मान

सांवरिया सेठ की प्रति गोकुल शर्मा अटूट श्रद्वा भक्ति को देखते हुए नगर के कई धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने उनका सम्मान किया। किसी ने पुष्प हार से तो किसी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर और किसी ने अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। जिसमें मुख्य रूप से श्री श्याम परिवार पेटलावद, सांवरिया भक्त मंडल, पेटलावद और एआइजे के द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट कर साफा बांध व साल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### श्याम परिवार ने आभार माना

भजन संध्या में श्री श्याम परिवार के द्वारा सभी भक्तों के लिए पोहा और चाय की निःशुल्क व्यवस्था की गई। इसके साथ ही नगर परिषद के द्वारा पेयजल व्यवस्था और सफाई व्यवस्था में सहयोग दिया गया। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा मुस्तैदी के साथ सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जिम्मा संभाला। संगीत की व्यवस्था भगवा रिदम ग्रुप सारंगी ने संभाली। श्री श्याम परिवार के द्वारा भजन संध्या में सहयोग करने वाले सभी संगठनों,पदाधिकारियों,सदस्यों और भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गौमाता को समर्पीत इनाम राशि

भजन गायक गौकुल शर्मा गौ माता के भक्त है वे स्वयं गौ शाला का संचालन करते है। जिसके लिए अपने भजनों के कार्यक्रम में जो इनाम की राशि आती है उसे गौ माता को समर्पीत करते है। आज तक उनके द्वारा 19 लाख रूपये की राशि गौ माता की सेवा में प्रदान किया है।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 31 मार्च 2025
03
DIGITAL EDITION

# चैती चांद, नववर्ष नवरात्रि प्रतिपदा और राम नवमी पर बंद रहेगी मांस मटन की दुकाने-महापौर

## निर्देश का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों पर सख्ती भी दिखाएगी निगम- महापौर

**रंजीत टाइम्स**

आगामी पर्व चेटी चंड, रामनवमी, महावीर जयंती एवं बुद्ध जयंती पर निगम सीमा में मांस विक्रय की दुकाने पूर्णत: बंद रहेगी। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर-निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए आदेश जारी कर दिया है।



महापौर ने बताया की विगत वर्ष में भी निर्देश दिए गए थे उसी प्रकार इस वर्ष भी निर्देश जारी कर सख्ती से पालन करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने चैती चांद, रामनवमी, महावीर जयंती एवं बुद्ध जयंती पर निगम सीमा में मांस विक्रय की दुकाने पूर्णतः बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। आगामी रविवार, 30 मार्च 2025 को चैती चांद, रविवार, 06 अप्रैल 2025 राम नवमी, गुरूवार, 10 अप्रैल 2025 महावीर जयंती तथा सोमवार, 12 मई 2025 को बुद्ध जयंती के अवसर पर इंदौर नगर निगम सीमा के अन्तर्गत समस्त मांस विक्रय की दुकाने बंद रहेंगी। महापौर ने अपने निर्देश में साफ कर दिया है कि इन दिनों में दुकाने बंद रखनी ही होगी, आदेश की अवहेलना करते हुए यदि कोई भी मांस विक्रय करते हुये इन दिनों में पाया गया तो सख्ती से पालन भी कराया जाएगा।

# विनय नगर खजराना बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**राजेश धाकड़**

इंदौर। उन्नत सोशल ह्यूमैनिटी एसोसिएशन एवं घुमंतु कार्य जिला जगन्नाथ के संयुक्त तत्वाधान में विनय नगर खजराना बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इंडेक्स हॉस्पिटल के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में ऑर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक्स, डर्मेटोलॉजिस्ट, आंख, कान, नाक सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस दौरान 150 से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया एवं आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में उन्नत सोशल ह्यूमैनिटी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अशोक अधिकारी, घुमंतु कार्य जिला जगन्नाथ के संयोजक एड. दीपक चौहान, जितेंद्र राठौर, चेतन भोसले, अनिल कोठारी, दीपक बंजारा, संजय सागौर, चेतन नागर, अरविंद पवार सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे। शिविर के आयोजन का उद्देश्य घुमंतु समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं चिकित्सा जागरूकता बढ़ाना था। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।







भाजपा कार्यालय पर नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा उत्सव का आयोजन

इंदौर।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर गुड़ी पड़वा उत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।गुड़ी पड़वा व चैत्र नवरात्रि हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के अवसर पर सभी ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने सभी शहरवासियों को शुभकामनाएं दी एवं कार्यालय पर उपस्थित सभी जनों का गुड़ धनिया एवं श्रीखंड खिलाकर स्वागत सत्कार किया।कार्यालय के मुख्य द्वार पर आकर्षक गुड़ी स्थापित की गई,जिसका सभी भाजपा जनों ने पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री श्री तुलसी सिलावट, नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महापौर श्री कृष्ण मुरारी मोघे, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक श्री रमेश मेंदोला ,श्री गोलू शुक्ला, महामंत्री श्री सुधीर कोल्हे, श्रीमती सविता अखंड श्रीमती पदमा भोजे, श्रीमती ज्योति पंडित,श्रीमती अनीता व्यास, श्री मंजीत बाजवा, श्री मुकेश मंगल, श्री रघु यादव, श्री अतुल बनवड़ीकर, श्री रितेश तिवारी,श्री नितिन द्विवेदी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

दिखा ईद का चांद

# आज देशभर में मनाई जाएगी ईद



हाटपीपल्या । (नि. प्र.)। देशभर में मुस्लिम समाज के सबसे पवित्र माह रमजान चल रहा था । ज्ञात हो कि 02 मार्च को रमजान का चांद देखने के बाद 03 मार्च से मुस्लिम समाज द्वारा रोजे रखकर रमजान के पवित्र महीने में अल्लाह की ईबादत जा रही है। रविवार को रमजान का आखरी रोजा रखने के बाद शाम को ईद का चांद देखा गया। आज 31 मार्च सोमवार को नगर हाटपीपल्या के साथ-साथ पूरे देश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। बड़े बुजुर्गों के साथ साथ बच्चों में भी ईद के चांद की खुशी और उत्साह साफ देखा जा सकता है । ईद, चांद के दिखने पर निर्भर करती है। ईद का यह त्योहार 3 दिन तक मनाया जाता है। यह दुनिया भर के मुसलमानों के लिए सबसे बड़े त्योहारों में से एक है । नगर हाटपिपलिया में पूरे मुस्लिम समाज सुबह शेरवानी चौक की जामा मस्जिद में एकत्रित होते है और जुलूस के रूप में एक साथ ईदगाह के लिए निकलते हैं और ईद की नमाज अदा करने के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं।

हाटपिपल्या नगर में कोई भी त्योहार हो हिंदू व मुस्लिम एक साथ मिलकर हर त्यौहार एकता और भाईचारे के साथ मनाते है। नगर में हर त्योहार सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाता है चाहे वह कोई सा भी त्योहार क्यों ना हो, हर समाज द्वारा सम्मान पुर्वक त्योहार मनाया जाता है । मुस्लिम त्योहार पर हिंदू समाज सम्मान करते है एवं हिंदू त्योहार पर मुस्लिम समाज द्वारा सम्मान किया जाता है। नगर हाटपिपल्या में यह भाइचारे की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

## नगर के देवगढ़ चौराहा पर गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्र नये वर्ष पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिलक लगाकर व गुड़ धनिया की प्रसाद बांटकर नये वर्ष का उत्साह मनाकर नये वर्ष का स्वागत किया गया




हाटपिपल्या

नगर में गुड़ी पड़वा पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के देवगढ़ चौराहा पर गुड़ी पड़वा पर चैत्र नवरात्र नये वर्ष का उत्साह मनाकर गुड़ धनिया की प्रसाद बांटकर नये वर्ष का स्वागत किया गया व एक दूसरे को नये वर्ष की शुभकामनाएं दीं गई व तिलक लगाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर विजय शक्तावत कृपाल सिंह सैधव निर्भय सिंह तलाया बापूलाल धौसरिया प्रवीण सक्सेना विनोद जोशी भुजराम जाट रमेश संदूकलिया राहुल तंवर रामसिंह सैधव मदन बुंदेला संदीप मालवीय गोपाल बाली हरीश बंजारा नितीन कुम्भकार नितीन बडगुर्जर कपिल शर्मा यशवंत चौहान हरिसिंह सैधव शैलेन्द्र सैधव राजेंद्र चावड़ा अभिमन्यु सैधव प्रवीण सैधव समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चार करोड पिनचानवें लाख (4 करोड 95 लाख रूपये) की धोखाधड़ी करने वाले को माननीय न्यायालय ने 07-07 साल की सजा एवं जुर्माने से दण्डित किया

थाना नलखेडा में अपराध क. 172/2020 पर फरियादी अब्दुल राजीक पिता अब्दुल हकीम खां उम्र 35 साल नि नलखेडा के एक लेखीय शिकायत पत्र क. पुअ/आगर/शिका/जनता/567ए/2020 दिनांक 20/6/20 को अभियुक्तगण मोहम्मद जुबेर पिता अब्दुल जलील उम्र 30 साल नि ठाकुर मोहल्ला नलखेडा 2 मोहम्मद अब्दुल सलाम पिता हाजी निसार उम्र 35 साल के विरूद्ध धारा 420,421,406,467,120बी, 201 भादवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है उक्त एफआईआर के अनुसार यह कि मोहम्मद जुबेर पिता अब्दुल जलील खां आयु 29 साल जाति मुसलमान नि ठाकुर मोहल्ला नलखेडा जिला आगर मालवा ने दिनांक 19/3/19 को एक विक्रय के अनुबंध पत्र से गुणबाला एवं चंद्रिका के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि 207/2 रकबा 0.214 हे.. 207/3 रकबा 0.063 हे. दोनों का कुल रकबा 0.227 हे. है गोतम, ज्ञानचंद्र, कमलाबाई गुणबाला चंद्रिका के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है उपरोक्त भूमि पक्ष कमांक 01 के द्वारा पक्ष कमांक 02 के पक्ष में विक्रय करने का इकरार नामा 4,51,0,00,00 रूप्यें में लेख किया उक्त रूप्यें प्राप्त करने पश्चात भी आरोपीगण ने जानबुझकर धोखाधडी करने और उक्त राशि हडपने के आशय से रजिस्ट्री करने से इंकार किया उसके पश्चात अभियुक्तगण ने फरियादी के समाज के लोगों को बुलाकर पंचायत की और कहा कि में रजिस्ट्री करने को तैयार हूँ, मुझे मुनाफे के रूप में 44 लाख रूप्यें दो तो मैं तुम्हें रजिस्ट्री करूंगा फरियादी अब्दुल राजीक द्वारा गवाहों के समक्ष मोहम्मद जुबेर को 44 लाख रूप्ये का भुगतान कर दिया इस प्रकार कुल 4,95,000,00 रूप्यें फरियादी से अभियुक्तगण द्वारा प्राप्त किये उसके पश्चात भी अभियुक्तगण आपराधिक षडयंत्र कर अनुबंध की लिखित शर्तों का पालन न कर धोखाधडी करने के आशय से एवं उक्त राशि हडप करने के आशय से रजिस्ट्री नहीं करवा रहे है थाना नलखेडा द्वारा धारा 420,406,467,421 भादवि के अंतर्गत विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है। फरियादी अब्दुल राजीक पिता अब्दुल हकीम खां उम्र 35 साल नि भैसोंदा रोड नलखेडा ने बताया कि माननीय एडीजें महोदय द्वारा अभियुक्तगण को निम्नानुसार दण्ड से दण्डित किया - 1 अभियुक्त मो जुबेर पिता अब्दुल जलील उम्र 40 साल नि ठाकुर मोहल्ला नलखेडा।





### हाटपिपलिया में वाहन चेकिंग के दौरान
### बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर की गई कार्रवाई, सभी बिना नंबर की गाड़ियों को थाने लाकर चालानी कार्रवाई की गई

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण भी पढ़ाई भी अभियान का दिया प्रशिक्षण

**सतवास**

बाल्यावस्था उद्दीपन, बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढीकरण के लिए पोषण भी पढ़ाई भीष्बू कार्यक्रम का हुआ। भारत सरकार के निर्देशानुसार पोषण भी पढाई भी अंतर्गत ० से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढीकरण के लिए पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम किया गया। उन्होंने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 2 के तहत एक कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को विकास के आयामों शारीरिक और मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक. भावनात्मक नैतिक, सांस्कृतिक कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है। भारत सरकार द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई हेतु नेशनल करीकुलम 2024 आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिये नेशनल फेमवर्क नवचेतना तैयार किये गये हैं। पोषण भी पढाई भी अंतर्गत आधारशिला एवं नवचेतना को आंगनवाडी केंद्र में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। आधारशिला अनुसार 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा के लिये भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया करीकुलम है। इसमें शाला पूर्व शिक्षा की गतिविधियों को साप्ताहिक कैलेण्डर में समाहित किया गया है। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा साप्ताहिक कैलेण्डर के अनुसार बच्चों के साथ गतिविधियां की जाएंगी। नवचेतना 0 से 3 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन की गतिविधियों का संग्रह है। इसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन की 141 गतिविधियां सम्मिलित हैं। यह गतिविधियां गर्भधारण से बच्चे ने 30 माह की आयु तक के लिये है। पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत आधारशिला एवं नवचेतना के संबंध में समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण 02 चरणों में आयोजित किया जाना है। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 03 दिवसीय एवं द्वितीय चरण में 02 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किये जाएंगे। परियोजना कन्नौद अन्तर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन, बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए पोषण भी पढाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। पोषण भी पढ़ाई भी का तीन दिन का प्रशिक्षण आज पूरी तरह से सफल हुआ है। इसमें परियोजना अधिकारी सपना जाट और सभी सुपर वाइजर मास्टर ट्रेनर नीलम, अमृता, तारा, राजमणि तिवारी, लेखा कर्मा, संगीता चौहान पार्वती पंवार और बरखा दीक्षित आदि ने हिस्सा लिया।




# भोपाल पुलिस की बड़ी कामयाबी

### महिंद्रा एंड महिंद्रा के नकली पार्ट्स किये जप्त, 3 आरोपी गिरफ्तार



भोपाल- महिंद्रा एंड महिंद्रा की अधिकृत टीम के द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मध्य प्रदेश के भोपाल, में 3 स्थान पर छापेमारी की। भोपाल, पुलिस के पुलिस उपायुक्त, श्री रियाज इकबाल के आदेश पर कार्रवाई करते हुए। कोतवाली भोपाल के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक माधव सिंह परिहार व् शाहजहांनाबाद पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक सूरज अतुलकर की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान, नकली महिंद्रा एंड महिंद्रा के पार्ट्स, फिल्टर्स आदि जप्त किये गए। अशोक ऑटो पार्ट्स से रमित थरेजा- 37 वर्ष, मिलन ट्रेडर्स से भरत सिंह व् ए टू जेड ऑटोमोबाइल से मांगीलाल राजपूत, उम्र 58 वर्ष के रूप में पहचाने गए आरोपी को नकली महिंद्रा एंड महिंद्रा के स्पेयर पाट्र्स मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एफआईआर संख्या 0070/25 व 0188/2025 के तहत मामला दर्ज किया है। कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63, 65 व् भारतीय न्याय संहिता अधिनियम2023 की धारा 318 के तहत आरोप लगाया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



# खुशी और समर्पण के साथ मनाया जाएगा ईद-उल-फितर

इस समय रमजान का पाक महीना चल रहा है। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना होता है। इसे माह-ए-रमजान भी कहा जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के महीने में रोजा रखते हैं। रोजा के दौरान लोग सहरी करने के लिए सुबह सूर्योदय से पहले उठते हैं और शाम को इफ्तार साथ अपना उपवास तोड़ते हैं। यानी इस पूरे महीने में मुसलमान लोग सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ भी नहीं खाते पीते हैं। साथ में महीने भर इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। एक महीने तक रोजा रखने के बाद ईद-उल-फितर यानी ईद मनाई जाती है। पूरे महीने भर रोजा रखने के बाद ईद के इंतजार की खुशी अलग ही होती है। हालांकि ईद मनाने की तारीख चांद दिखने के हिसाब से ही मुकम्मल की जाती है। जिस दिन चांद दिखता है, उस दिन को चांद मुबारक कहा जाता है और ईद मनाई जाती है। सऊदी अरब में सबसे पहले ईद की तारीख का एलान किया जाता है।

## ईद-उल-फितर कब है?

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार ईद 10वें शव्वाल (महीने) की पहली तारीख को मनाई जाती है लेकिन इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग अपना त्योहार चांद को देखकर मनाते हैं। ऐसे में ईद का चांद नजर आने के बाद ही ईद-उल-फितर की सही तारीख मुकर्रर की जाएगी। फिलहाल 31 मार्च या 1 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाए जाने की उम्मीद है।

## ईद-उल-फितर का महत्व

इस्लाम धर्म को मानने वाले लोगों के लिए ईद का त्योहार बेहद खास होता है। ये अल्लाह का शुक्रिया अदा करने का दिन होता है। मुस्लिम समुदाय के लोग खुशी और जश्न के साथ ईद मनाते हैं। ईद-उल-फितर को छोटी ईद और मीठी ईद भी कहा जाता है। इस्लामिक कैलेंडर में रमजान का महीना नौवां महीना होता है। वहीं दसवां महीना शव्वाल है। शव्वाल के पहले दिन दुनिया भर में ईद-उल-फितर यानी ईद मनाई जाती है। शव्वाल का अर्थ है, उपवास तोड़ने का त्योहार। इस दिन एक महीने तक रोजा रखने के बाद लोग उपवास तोड़ते हैं और त्योहार का जश्न मनाते हैं।

## इस तरह मनाते हैं ईद


ईद-उल-फितर के दिन सुबह सबसे पहले नमाज अदा की जाती है। इसके बाद खजूर या कुछ मीठा खा कर रोजा समाप्त किया जाता है। इस दिन लोग नए कपड़े पहनकर मस्जिद में नमाज अदा करने जाते हैं। साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर खुशियां जाहिर करते हैं। सभी रिश्तेदार और दोस्त एक दूसरे के घर दावत पर जाते हैं और ईद की मुबारकबाद देते हैं। साथ ही घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। इस दिन मीठी सेवइयां खाई जाती हैं और बच्चों को ईदी भी दी जाती है।

## ईद-उल-फितर का इतिहास

मान्यता है कि सबसे पहली ईद सन् 624 ईस्वी में पैगंबर मुहम्मद ने मनाई थी। इस दिन पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब ने बद्र के युद्ध में जीत हासिल की थी। इस खुशी में ईद मनाई जाती है। मोहम्मद साहब ने कुरान में दो पवित्र दिन को ईद के लिए निर्धारित किया था। इस तरह से साल में दो बार ईद मनाई जाती है, जिसे ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा के मान से जाना जाता है। इस्लामिक प्रथा के अनुसार ईद की नमाज अदा करने से पहले हर मुस्लिम व्यक्ति को दान देना जरूरी होता है।

## खुदा का इनाम है ईद-उल फितर

रमजान माह की इबादतों और रोजे के बाद जलवा अफरोज हुआ ईद-उल फितर का त्योहार खुदा का इनाम है, मुसर्रतों का आगाज है, खुशखबरी की महक है, खुशियों का गुलदस्ता है, मुस्कुराहटों का मौसम है, रौनक का जश्न है। इसलिए ईद का चांद नजर आते ही माहौल में एक गजब का उल्लास छा जाता है। ईद के दिन सिवइयों या शीर-खुरमे से मुंह मीठा करने के बाद छोटे-बड़े, अपने-पराए, दोस्त-दुश्मन गले मिलते हैं तो चारों तरफ मोहब्बत ही मोहब्बत नजर आती है। एक पवित्र खुशी से दमकते सभी चेहरे इंसानियत का पैगाम माहौल में फैला देते हैं। अल्लाह से दुआएं मांगते व रमजान के रोजे और इबादत की हिम्मत के लिए खुदा का शुक्र अदा करते हाथ हर तरफ दिखाई पड़ते हैं और यह उत्साह बयान करता है कि लो ईद आ गई। कुरआन के अनुसार पैगंबरे इस्लाम ने कहा है कि जब अहले ईमान रमजान के पवित्र महीने के एहतेरामों से फारिग हो जाते हैं और रोजों-नमाजों तथा उसके तमाम कामों को पूरा कर लेते हैं, तो अल्लाह एक दिन अपने उक्त इबादत करने वाले बंदों को बख्शीश व इनाम से नवाजता है। इसलिए इस दिन को ईद कहते हैं और इसी बख्शीश व इनाम के दिन को ईद-उल फितर का नाम देते हैं। रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है। इस पूरे माह में रोजे रखे जाते हैं। इस महीने के खत्म होते ही दसवां माह शव्वाल शुरू होता है। इस माह की पहली चांद रात ईद की चांद रात होती है। इस रात का इंतजार वर्ष भर खास वजह से होता है, क्योंकि इस रात को दिखने वाले चांद से ही इस्लाम के बड़े त्योहार ईद-उल फितर का ऐलान होता है। इस तरह से यह चांद ईद का पैगाम लेकर आता है। इस चांद रात को अल्फा कहा जाता है। रमजान माह के रोजे को एक फर्ज करार दिया गया है, ताकि इंसानों को भूख-प्यास का महत्व पता चले। भौतिक वासनाएं और लालच इंसान के वजूद से जुदा हो जाए और इंसान कुरआन के अनुसार अपने को ढाल लें। इसलिए रमजान का महीना इंसान को अशरफ और आला बनाने का मौसम है। पर अगर कोई सिर्फ अल्लाह की ही इबादत करे और उसके बंदों से मोहब्बत करने व उनकी मदद करने से हाथ खींचे तो ऐसी इबादत को इस्लाम ने खारिज किया है। क्योंकि असल में इस्लाम का पैगाम है- अगर अल्लाह की सच्ची इबादत करनी है तो उसके सभी बंदों से प्यार करो और हमेशा सबके मददगार बनो। यह इबादत ही सही इबादत है।



# भाईचारे का संदेश देता है ईद का त्योहार

**रमजान का पाक महीना अपने अंतिम चरणों में है। रमजान के बाद ही ईद-उल-फितर का त्योहार आता है, जो इस्लाम धर्म का एक पावन पर्व है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, रमजान के बाद 10वें शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है। ईद कब मनायी जाएगी यह चांद के दीदार से तय होती है।**

ईद का त्योहार चांद को देखकर निश्चित होता है। चांद के दीदार के बाद ईद-उल-फितर पर्व 31 मार्च या 1 अप्रैल को है। ईद-उल-फितर को मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। इसमें मीठे पकवान (खासतौर पर सेंवई) बनते हैं। लोग आपस में गले मिलकर अपने गिले-शिकवों को दूर करते हैं। घर आए मेहमानों की विदाई कुछ उपहार देकर की जाती है। इस्लामिक धर्म का यह त्योहार भाईचारे का संदेश देता है। ईद उल फितर के दिन लोग सुबह नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करते हुए अमन और चैन की दुआ मांगते हैं। ईद उल फितर के मौके पर लोग खुदा का शुक्रिया इसलिए करते हैं क्योंकि अल्लाह उन्हें महीने भर उपवास पर रहने की ताकत देते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि रमजान के पवित्र महीने में दान करने से उसका फल दोगुना मिलता है। ऐसे में लोग गरीब और जरूरतमंदों के लिए कुछ रकम दान कर देते हैं। रमजान महीने में रोजा रखने का मतलब होता है कि लोगों को भूख प्यास का एहसास हो सके। इस दिन कई तरह के पकवान घर में बनाए जाते हैं।

## चांद के दीदार के बाद मनाई जाती है भारत में ईद


पूरे देश में रमजान का पाक महीना मनाया जा रहा है। इसके खत्म होने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। इस ईद को मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। ईद को पूरी दुनिया में पूरे धूम से मनाया जाता है। लोग इस दिन घरों में मीठे पकवान बनाते हैं। खासकर सेंवईयां जरूर बनती है। लोग एक-दूसरे से गले मिलकर शिकवें दूर करते हैं। इस्लाम धर्म में ये त्योहार भाईचाहे का संदेश देता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करते हैं और अपने परिवार के अमन चैन की दुआ करते हैं। इस दिन पढ़ी जाने वाली नमाज को सलात अल फज्र कहा जाता है। वहीं ईद से पहले हर मुसलमान के लिए फितरा देना फर्ज बताया गया है।

### गरीब भी मना सकें खुशियां

ईद से पहले हर इंसान को लगभगव पौने दो किलो अनाज या उसकी कीमत गरीबों को दी जाती है। जिससे गरीब व्यक्ति भी ईद की खुशी मना सकें। बताया जाता है कि इसी दिन पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने बद्र के युद्ध में फतह हासिल की थी। इसी युद्ध में फतह पाने की खुशी में लोग ईद को मनाते हैं।

### दी जाती है बख्शीश

रमजान के महीने में रोजे रखने के बाद अल्लाह के इस दिन पर बख्शीश और ईनाम दिया जाता है। इसलिए इस दिन को ईद कहते हैं। मुसलमान ईद में खुदा का शुक्रिया अदा करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खुदा ने महीने भर के उपवास रखने की ताकत दी।



**खेलों इंडिया: अपनी लगन और प्रतिभा से सबको हैरान किया**

# मन की बात में दिव्यांग खिलाड़ियों को PM मोदी का संदेश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी ने फिटनेस पर भी बात की। साथ ही खेलो इंडिया पैरा गेम्स के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। पीएम ने सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 120वें एपिसोड में खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी बातें भी कीं। उन्होंने हाल ही में हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स को लेकर बातचीत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, कुछ ही दिन पहले संपन्न हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एक बार फिर खिलाड़ियों ने अपनी लगन और प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया। इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने इन खेलों में हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स कितना चर्चित हो रहा है।

**पीएम मोदी ने इन राज्यों को दी बधाई**

पीएम मोदी ने कहा, मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी दिव्यांग खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इन खेलों के दौरान हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने 18 राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाए। जिनमें से 12 तो हमारी महिला खिलाड़ियों के नाम रहे।

**पीएम मोदी ने फिटनेस पर भी की बात**

प्रधानमंत्री मोदी ने फिटनेस पर भी बात की। उन्होंने दिल्ली में हुए एक आयोजन का जिक्र करते हुए कहा, दिल्ली में एक भव्य आयोजन ने लोगों को बहुत प्रेरणा दी है, जोश से भर दिया है। एक इनोवेटिव आइडिया के रूप में पहली बार फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें अलग अलग क्षेत्रों के करीब 25 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इन सभी का एक ही लक्ष्य था- फिट रहना और फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाना।

**स्वदेशी खेलों को भी मिल रहा बढ़ावा**

पीएम मोदी ने कहा, हमारे स्वदेशी खेल अब लोकप्रिय संस्कृति के रूप में घुल मिल रहे हैं। मशहूर रैपर हनुमानकाइंड को तो आप सभी जानते ही होंगे। आजकल उनका नया गाना रन इट अप, काफी चर्चा में है। इसमें कलारिपयट्टू, गतका और थांग-ता जैसी हमारी पारंपरिक मार्शल आर्ट्स को शामिल किया गया है।



## डब्ल्यूटीटी के अंतिम-16 मैच में हार के साथ शरत कमल ने पेशेवर टीटी करियर को कहा अलविदा, हुए भावुक

**चेन्नई, एजेंसी।** शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर शनिवार को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन स्नेहित सुरवज्जुला से हारने के साथ खत्म हो गया। शरत के खिलाफ वाइल्ड कार्ड धारक स्नेहित ने लगातार तीन गेम में 11-9, 11-8, 11-9 से जीत दर्ज की।

**शरत कमल ने क्या कहा?**

शरत ने बाद में मिस्र के उमर अस्सार के खिलाफ एक प्रदर्शनी मैच खेला जिसमें दर्शकों को उनके असाधारण कौशल की एक और झलक देखने को मिली। शरत ने अपने विदाई संबोधन में कहा, कहीं ना कहीं मुझे लगा कि यह काफी है और मैं कोर्ट के दूसरी तरफ से खेल को कुछ वापस देने की संभावना तलाशना चाहता था। 42 वर्षीय शरत ने कहा कि वह प्रशासनिक भूमिका निभाना चाहेंगे। उन्होंने कहा, मैंने एक खिलाड़ी के तौर पर अपना काम कर दिया है, मुझे लगता है कि मैंने एक खिलाड़ी के तौर पर देश के लिए काफी योगदान दिया है और मैं एक प्रशासक, या एक कोच, एक मेंटर या फिर एक वरिष्ठ खिलाड़ी के तौर पर भी योगदान देना चाहता हूं।

शरत कमल ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस के पुरुष एकल में 16 साल बाद स्वर्ण जीता था। इससे पहले उन्होंने 2006 में पुरुष एकल में स्वर्ण जीता था। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सातवां स्वर्ण पदक रहा था।

बर्मिंघम में तीन स्वर्ण के अलावा शरत ने 2006 में पुरुष एकल और पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण, 2010 में पुरुष युगल में स्वर्ण और 2018 में पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा वह 2010 में दो कांस्य, 2014 और 2018 में एक-एक रजत और 2022 में एक रजत जीत चुके हैं। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 13 पदक जीते हैं।

शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक (9 स्वर्ण) और समरेश के नाम 14 पदक (7 स्वर्ण) हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा शरत एशियन गेम्स में दो पदक जीत चुके हैं। 2018 में जकार्ता एशियन गेम्स में मेन्स टीम और मिक्स्ड डबल्स इवेंट में शरत कमल ने कांस्य जीता था। इसके अलावा वह एशियन चैंपियनशिप्स में दो कांस्य भी जीत चुके हैं। 2021 दोहा एशियन चैंपियनशिप्स में कांस्य जीता था।

# पीएम बोले- इनकी मांग तेजी से बढ़ रही

**भोपाल (नप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आज प्रसारण हुआ। पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्र में महुआ के फूल से बनने वाले कुकीज का जिक्र किया। इसके साथ उन्होंने देशवासियों को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

इधर, भोपाल में राज्य संग्रहालय परिसर में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि उन्होंने मन की बात कार्यक्रम को फ्यूचर फोर्स के सदस्यों के साथ सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल संरक्षण के लिए अलग-अलग प्रयोग कर रहे हैं। पीएम मोदी ने बच्चों को समर कैंप में जल संरक्षण सिखाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।सांसद बांसुरी स्वराज ने मन की बात सुनने के बाद कहा, यह कार्यक्रम बेहद प्रेरणादायक और आशावादी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, मन की बात में आज एक चटपटा सा, अटपटा सा सवाल! क्या



आपने कभी फूलों की यात्रा के बारे में सोचा है? कुछ फूल मंदिरों तक पहुंचते हैं, कुछ घरों की शोभा बढ़ाते हैं, तो कुछ इत्र में मिलकर चारों ओर खुशबू बिखेरते हैं। लेकिन आज मैं आपको फूलों की एक अनोखी यात्रा के बारे में बताऊंगा।

उन्होंने आगे कहा, आपने महुआ के फूलों के बारे में तो जरूर सुना होगा। हमारे गांवों में, विशेष रूप से आदिवासी समुदायों में, इसके महत्व को अच्छी तरह समझा जाता है। अब देश के कई हिस्सों में महुआ के फूलों की यात्रा एक नए रास्ते पर निकल पड़ी है। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के राजाखोह गांव में चार बहनों ने महुआ के फूलों से कुकीज बनाने की पहल की है। उनके बनाए हुए कुकीज बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि इन महिलाओं की मेहनत देखकर एक बड़ी कंपनी ने उन्हें अपनी फैक्ट्री में काम करने की ट्रेनिंग दी। इससे प्रेरित होकर गांव की कई अन्य महिलाएं भी इस पहल से जुड़ गईं। अब इन महिलाओं द्वारा बनाए गए महुआ कुकीज की मांग तेजी से बढ़ रही है।

## सांसद बांसुरी स्वराज बोलीं – ‘मन की बात’ एक आशावादी कार्यक्रम

दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मन की बात सुनने के बाद कहा, यह कार्यक्रम बेहद प्रेरणादायक और आशावादी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के बच्चों के बारे में महत्वपूर्ण बातें साझा की हैं और सभी संस्थानों को अपने समर कैंप्स की जानकारी पोस्ट करने का सुझाव दिया है।

सांसद ने कहा कि बच्चों को भी त्तसमर के साथ अपनी समर वेकेशन से जुड़ी पोस्ट साझा करनी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने युवाओं से मन की बात कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनने की अपील की, ताकि वे इससे ज्ञान प्राप्त कर सकें और नई प्रेरणा ले सकें।

बांसुरी स्वराज ने माय पोर्टल से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा, मुझे ‘आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स’ बूथ कैंप में शामिल होने का सौभाग्य मिला, जहां मैंने कई प्रोफेशनल्स के साथ बातचीत की।

## समाज क्या चाहता, इस पर विचार करें

नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानों को बंद करने के सवाल पर वीडी शर्मा ने कहा, नवरात्रि एक पावन पर्व है। ऐसे में समाज क्या चाहता है, इस पर विचार किया जाना चाहिए। अगर लोग मांस की दुकानें बंद करने की मांग कर रहे हैं, तो इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# कंगाल पाकिस्तान को विश्व बैंक का सहारा, वायु प्रदूषण कम करने के लिए 300 मिलियन डॉलर का कर्ज मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंगाल पाकिस्तान दिन-प्रतिदिन कर्ज को बोझ तले दबता ही जा रहा है। जहां एक बार फिर विश्व बैंक ने पाकिस्तान पर रहम दिखाते हुए पाकिस्तान के कर्ज के आवेदन को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो रविवार को विश्व बैंक ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 300 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। बता दें कि यह ऋण पंजाब स्वच्छ वायु कार्यक्रम (पीसीएपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) द्वारा प्रदान किया गया है और इसे शुक्रवार को विश्व बैंक समूह के निदेशक मंडल ने मंजूर किया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायु प्रदूषण लोगों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। शहबाज सरकार भी इसका निपटारा करने में अबतक असफल रही। ऐसे में पंजाब स्वच्छ वायु कार्यक्रम (पीसीएपी) शुरू करना पंजाब के लोगों के लिए थोड़ी राहत की बात होगी, क्योंकि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाब में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को मजबूत करना। साथ ही इलाके में बढ़ते प्रदूषण को कम करना है। यह पंजाब सरकार की स्मॉग मिटिगेशन एक्शन




प्लान (एसएमएपी) को सपोर्ट करेगा और पूरे प्रांत में वायु गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए कई पहलें शुरू करेगा, जिससे परिवहन, कृषि, उद्योग, ऊर्जा और नगरपालिका सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सुधार किए जाएंगे।

**विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ने दी जानकारी-** पाकिस्तान के लिए विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) के कंट्री डायरेक्टर नाजी बेनहासिन ने कहा है कि पंजाब स्वच्छ



वायु कार्यक्रम (पीसीएपी) प्रांत की स्मॉग शमन योजना का समर्थन करता है और यह वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार होगा, क्योंकि यह श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों को कम करेगा और एक स्वस्थ वातावरण बनाएगा।

### पंजाब में ये कार्यक्रम क्यों, समझिए

पंजाब स्वच्छ वायु कार्यक्रम का उद्देश्य श्वसन और हृदय संबंधी बीमारियों को कम करना और एक स्वस्थ, बेहतर वातावरण बनाना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य अगले 10 सालों में पीएम 2.5 के स्तर को 35 प्रतिशत तक कम करना है, जिससे लाहौर डिवीजन के 13 मिलियन लोगों को श्वसन समस्याओं और प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे, जैसे कि फसल अवशेषों को जलाने की समस्या को कम करने के लिए 5,000 सुपर सीडर का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं 600 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होगा ताकि सार्वजनिक परिवहन में प्रदूषण कम हो और पूरे पंजाब में वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों का विस्तार होगा। साथ ही दो नई ईंधन परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएगी, ताकि ईंधन की गुणवत्ता बेहतर हो सके।

## यस बैंक पर आयकर विभाग की कार्रवाई; जारी किया 2209 करोड़ टैक्स की मांग का नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने यस बैंक को आकलन वर्ष 2019-20 के लिए 2,209 करोड़ रुपये टैक्स की मांग का नोटिस जारी किया है। इसमें 243.02 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। यस बैंक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। बैंक ने आगे फाइलिंग में कहा है कि आयकर विभाग के राष्ट्रीय फेसलेस मूल्यांकन यूनिट की ओर से 28 मार्च को पुनर्मूल्यांकन आदेश पारित किया गया है, जिसमें कोई अतिरिक्त अस्वीकृति नहीं किया गया है, अर्थात जिन आधारों पर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू की गई थी, उन्हें हटा दिया गया है।




बैंक ने कहा कि इस प्रकार, अधिनियम की धारा 144 के तहत पारित मूल मूल्यांकन आदेश में निर्धारित कुल आय पुनर्मूल्यांकन आदेश में अपरिवर्तित रही है, और परिणामस्वरूप, बैंक के खिलाफ कोई मांग नहीं उठाई जानी चाहिए थी। हालांकि, इसके बावजूद अधिनियम की धारा 156 के तहत जारी की गई गणना शीट और मांग के नोटिस ने सम तिथि तक 2209.17 करोड़ रुपये की आयकर मांग (ब्याज सहित) उठाई है, जो बिना किसी आधार के प्रतीत होती है।उक्त निर्धारण वर्ष को आयकर विभाग ने अप्रैल 2023 में पुनः खोला था।

## जेफ बेजोस की शादी: 500 मिलियन डॉलर की सुपरयॉट में कार्यक्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इसी साल के 26 जून को अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज शादी करने जा रहे है। ये भव्य शादी वेनिश शहर के 500 मिलियन डॉलर की कीमत वाले एक बेहद शानदार सुपरयॉट पर शादी करने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक सबसे बड़ा सवाल ये बना हुआ है कि वेनिस के सख्त नियमों के बीच बेजोस अपनी शादी की तैयारी कैसे करेंगे?

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज इसी साल 26 जून को इटली के वेनिस शहर में 500 मिलियन डॉलर की कीमत वाले एक बेहद शानदार सुपरयॉट पर शादी करने जा रहे हैं। खूबसूरत और ऐतिहासिक शहर वेनिस अपने प्राचिनता और खुबसुरती के चलते शादी के लिए एक अच्छी पसंद है। हालांकि वेनिस शहर के अनुसार बड़े जहाजों को वेनिस के कुछ ऐतिहासिक जगह



जैसे कि सेंट मार्क स्क्वायर, ग्रैंड कैनाल, गिउडेका कैनाल, ब्रिज ऑफ साईज़ और रियाल्टो ब्रिज के पास नहीं आने दिया जाता है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो बेजोस की नौका का वजन 3,493 टन है, जो कि वेनिस के द्वारा तय सीमा से कम है, लेकिन फिर भी यह वेनिस की ग्रैंड कैनाल में नहीं जा सकती। अब ऐसे में बड़ा सवाल ये खड़ा हो रहा है कि अब बेजोस अपनी शादी की इस भव्य तैयारी के लिए क्या करेंगे?

**शादी के लिए बुक किए गए कई होटल-** जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज की शादी एक यादगार शादी के तौर पर रहने वाली है। जोड़े ने अपनी शादी के लिए कई लग्जरी होटलों को बुक किया है, जिनमें ग्रैंड अमन होटल और बेलमंड होटल सिप्रियानी शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी शादी के लिए, छोटे-छोटे पानी के निजी जहाज भी बुक किए हैं। ये वहीं जहाज है जिसका इस्तेमाल जॉर्ज क्लूनी और अमल अलामुद्दीन ने अपनी शादी में किया था।

### 26 जून को शादी, ट्रंप भी हो सकते है शामिल

जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज़ 26 जून को एक भव्य शादी समारोह में शादी करेंगे। इस शादी में हॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियां और प्रमुख राजनेता भी शामिल होंगे। मीडिया रिपर्टस में दावा किया जा रहा है कि इस शादी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, किम कार्दशियन, लियोनार्डो डिकैप्रियो और बिल गेट्स जैसे बड़े नाम के भी शामिल होने की उम्मीद है।

### 2019 में बेजोस का हुआ था तलाक

गौरतलब है कि जेफ बेजोस ने 1993 में मैकेंजी स्कॉट से शादी की थी, और दोनों का 25 सालों का शादीशुदा जीवन था। हालांकि, 2019 में उनका तलाक हो गया। बेजोस और मैकेंजी के चार बच्चे हैं। अब, बेजोस ने लॉरेन सांचेज़ से शादी करने का फैसला किया है और वेनिस में होने वाली इस भव्य शादी को लेकर कई तैयारियां की जा रही हैं।

## एजुकेशन लोन लेकर कर्ज में फंसा व्यक्ति, भावुक पोस्ट लिखकर मांगी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक छात्र ने 40 लाख रुपये का एजुकेशन लोन लेकर अमेरिका में पढ़ाई की थी ताकि अपना भविष्य संवार सके, लेकिन भविष्य संवरने की बजाय वह और मुश्किलों में फंस गया है और ये एजुकेशन लोन उसके गले की हड्डी बन गया है। युवक ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा कर अपनी व्यथा सुनाई है और लोगों से मदद की गुहार लगाई है। दरअसल कर्ज लेकर पढ़ाई करने बाद युवक की काफी समय तक नौकरी नहीं लगी और आखिरकार उसे वापस लौटकर भारत आना पड़ा। अब उसे अपने बीमार माता-पिता की देखभाल भी करनी पड़ रही है और साथ ही कर्ज की किस्त भी चुकानी पड़ रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक टेक फिलॉसफर नामक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेड्डिट पर एक भावुक पोस्ट लिखा है। इस पोस्ट में युवक ने बताया कि साल 2022 में उसने अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 40 लाख रुपये का लोन लिया था। उसके पिता का छोटा सा मैन्युफैक्चरिंग



का व्यापार है। हालांकि माता-पिता ने बेटे का सपना पूरा करने के लिए अपना सबकुछ उसकी पढ़ाई में लगा दिया। उन्हें उम्मीद थी कि पढ़ाई के बाद बेटे की अमेरिका में नौकरी लग जाएगी और आसानी से कर्ज उतर जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हो सका और पढ़ाई के बाद भी युवक की अमेरिका में नौकरी नहीं लगी। करीब एक साल तक उसने नौकरी की तलाश की और इस दौरान अमेरिका में उसका पूरा खर्च भी उसके माता-पिता ने ही उठाया।

### यूजर ने लोगों से मांगी मदद

इस दौरान उसके पिता का बिजनेस भी ठप हो गया और वे बीमार हो गए। ऐसे में आखिरकार उसे भारत वापस लौटना पड़ा। यहां आकर उसे एक नौकरी मिली, जिसमें उसकी सैलरी 75 हजार रुपये महीना था, लेकिन 66 हजार रुपये उसकी बैंक किस्त थी। ऐसे में युवक के पास अपने खर्च और बचत के लिए सिर्फ नौ हजार रुपये ही बचते हैं। अब युवक ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लोगों से मदद मांगी है और कहा है कि लोग उसे इस स्थिति से बाहर निकलने में मदद करें। कुछ यूजर्स ने युवक को सलाह भी दी है और उसे फ्रीलांस काम करने और अनुभव लेकर जल्द नौकरी बदलने की सलाह दी है ताकि उसकी सैलरी तेजी से बढ़ सके।

## एलन मस्क को एक्स से 94000 करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) को बेच दिया है। एक्स को एलन मस्क की ही दूसरी कंपनी एक्सएआइ ने खरीदा है। एक्स का बिकना यूं ही नहीं हुआ है। जब से एलन मस्क ने एक्स को खरीदा है, उन्हें 94000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। मस्क ने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था।



एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, इस समझौते में एक्सएआइ का वैल्यूएशन 80 बिलियन डॉलर और एक्स की वैल्यूएशन 33 बिलियन डॉलर है। उन्होंने ये भी बताया कि एक्स पर 12 बिलियन डॉलर का कर्ज भी है। इस कर्ज को मिलाकर एक्स की वैल्यूएशन 45 बिलियन डॉलर हो जाती है। ये डील पूरी तरह से स्टॉक में हुई है। इसका मतलब है कि एक्सएआइ ने एक्स को खरीदने के लिए अपने शेयर दिए हैं। इस डील में मॉर्गन स्टेनली एकमात्र बैंकर था। उन्होंने दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व किया।

**क्या घाटे का सौदा किया मस्क ने?-** हाल ही में एक्स की वैल्यूएशन में 70 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन एलन मस्क की एक पोस्ट के अनुसार इसकी कुल वैल्यू करीब 45 बिलियन डॉलर है। एलन मस्क की पोस्ट के मुताबिक इस सौदे में एक्स की वैल्यूएशन 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। इसमें 12 बिलियन डॉलर का कर्ज भी शामिल है।

मस्क ने साल 2022 में ट्विटर (अब एक्स) को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। इसका मतलब है कि उन्हें करीब 11 बिलियन डॉलर (करीब 94000 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है, भले ही 12 बिलियन डॉलर का कर्ज अभी बाकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि उन्होंने घाटे का सौदा क्यों किया? क्या वह एक कंपनी को बचाने के लिए दूसरी कंपनी का इस्तेमाल कर रहे हैं?